संख्याः 791 /24-पी-3-2023-25/2022

प्रेषक,

अनुपम शुक्ला,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1- प्रबन्ध निदेशक,उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0,शक्ति भवन,लखनऊ।
2- प्रबन्ध निदेशक,उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि0,शक्ति भवन,लखनऊ।

ऊर्जा अनुभाग-3 लखनऊ: दिनांक 28 अप्रैल, 2023

विषयः उ0प्र0 डाटा सेन्टर (प्रथम संशोधन) नीति-2021 के प्रस्तर-7.1 (द)(i) के अनुसार दो ग्रिड लाइनों द्वारा विद्युत आपूर्ति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में आई0टी0 एवं इलेक्ट्रॉनिक्स अनुभाग-2 के पत्र संख्या-13/2023/225/78-2-202310(एम)/2021 दिनांक 13.04.2023 (छायाप्रति संलग्न) कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा उ0प्र0 डाटा सेन्टर (प्रथम संशोधन) नीति-2021 (छायाप्रति संलग्न) के क्रियान्वयन हेतु दिशा-निर्देश निर्गत किए गये हैं।

2- अवगत कराना है कि उ0प्र0 डाटा सेन्टर (प्रथम संशोधन) नीति-2021 के प्रस्तर-7.1 (द)(i) में निम्नलिखित प्राविधान हैं:-

7.1 (द)(i)

<u>दो ग्रिड लाइनों द्वारा विद्युत आपूर्तिः</u> इस नीति की अधिसूचना के पश्चात राज्य में स्थापित प्रथम 8 डाटा सेन्टर पार्क्स को दोहरा ग्रिड विद्युत नेटवर्क प्रदान किया जाएगा, जिसमें से एक ग्रिड की लागत (दोनो ग्रिड में जो कम हो) की प्रतिपूर्ति आईटी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग द्वारा वहन की जायेगी तथा अन्य ग्रिड की लागत डाटा सेन्टर पार्क द्वारा वहन की जायेगी। मांग पर अन्य डाटा सेन्टर पार्क्स को लागू शुल्क पर दोहरी ग्रिड विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराई जायेगी।

नीति की सीमा के कारण दोहरे ग्रिड प्रोत्साहन से वंचित हो गया कोई भी पूर्व अनुमोदित विद्यमान निवेश, इस धारा के अन्तर्गत मांग के आधार पर पात्र हो जायेगा।

3- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त नीति के प्रस्तर-**7.1 (द)(i)** के अनुसार पावर ग्रिड प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में अग्रेतर कार्यवाही करने का कष्ट करें।

संलग्नक: यथोक्त।

भवदीय,

(अनुपम शुक्ला)
विशेष सचिव।

arvind draft

संख्या-   /24-पी-3-2023 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित् :-

1. प्रमुख सचिव, आई0टी0 एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग उ0प्र0 शासन।
2. अध्यक्ष उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन,लखनऊ ।
3. प्रबन्ध निदेशक, उ०प्र० राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0, शक्ति भवन, लखनऊ / उ०प्र० जल विद्युत निगम लि0, शक्ति भवन, लखनऊ/मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि0 लखनऊ /पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि0, वाराणसी/पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, मेरठ /दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि0, आगरा एवं कानपुर विद्युत सप्लाई कम्पनी लि० (केस्को). कानपुर।
4. मुख्य कार्यपालक अधिकारी, इन्वेस्ट यू0पी0, लखनऊ।
5. प्रबन्ध निदेशक, यूपीएलसी, लखनऊ।
6. आई0टी0 एवं इलेक्ट्रॉनिक्स-2।
7. औद्योगिक अनुभाग-6
8. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(अनुपम शुक्ला)
विशेष सचिव।

arvind draft